क्रियाओं में बचाव का
आकाशदीप
http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों के लिये संदेश
CCPS के समर्थकों द्वारा प्रायोजित
सितंबर 2010

क्या किसी ने हमारी प्रक्रिया सुरक्षा जानकारी (पी० एस० आई०) देखी है ??


1


2

1. एक पाइपिंग और इन्स्ट्रूमेंटेशन चित्र (पी० एंड आई० डी०)
2. एक ख़तरनाक क्षेत्र वर्गीकरण चित्र
3. प्रक्रिया ख़तरा विश्लेषण (पी० एच० ए०) अध्ययन दस्तावेज़ों का एक भाग

प्रक्रिया सुरक्षा जानकारी (पी० एस० आई०) क्या है ? यह आपके संयंत्र के प्रक्रिया के रसायनशास्त्र, उपकरणों और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी है । यह आपकी कंपनी के अंदर और बाहर कई जगहों से एकत्रित की जाती है : अनुसंधान और विकास, अभियांत्रिकी, प्रचालन एवं कच्चे माल, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उपकरण पूर्तिकर्ता । एक प्रचालक या मरम्मत करने वाले व्यक्ति के तौर पर हो सकता है कि पी० एस० आई० से आपका पहला संपर्क किसी प्रक्रिया खतरा विश्लेषण (पी० एच० ए०) के दौरान हुआ हो । पी० एस० आई० चित्रों, पुस्तिकाओं, दस्तावेज़ों और किताबों का वह ढेर था जो पी० एच० ए० दल को जानकारी प्रदान करता था । बदलाव-प्रबंधन (एम० ओ० सी०) पुनरावलोकनों में भी अक़्सर पी० एस० आई० का उपयोग होता है । वर्तमान तंत्र को समझना ज़रूरी है क्योंकि इससे आपको प्रस्तावित बदलावों के नतीजों का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी । उदाहरण के लिए, एक नई वॉल्व उस पाइप के विनिर्देशों के अनुरूप होनी चाहिए जिसमें इसे लगाया जाएगा । इसका अर्थ है कि वॉल्व, गैस्केट, पेच और अन्य सभी भागों का सही होना ज़रूरी है । आपको कैसे पता लगेगा ? संयंत्र के अभियांत्रिकी डिज़ाइन में दी गई पी० एस० आई० की पाइपिंग विनिर्देशों के अनुसार इनका पुष्टिकरण करें ।

पी० एस० आई० के कुछ अन्य उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं : पाइपिंग और इन्स्ट्रूमेंटेशन चित्र (1), ख़तरनाक क्षेत्र वर्गीकरण चित्र (2) और प्रक्रिया ख़तरा विश्लेषण से प्राप्त रिपोर्टें (3), बदलाव-प्रबंधन पुनरावलोकन, दुर्घटना अन्वेषण, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण आवश्यकताएं, प्रचालन और मरम्मत प्रक्रियाएं, और अन्य ।


3

आप क्या कर सकते हैं?

पी० एस० आई० सुरक्षित संयंत्र प्रचालन और मरम्मत के लिए ज़रूरी है परंतु यह तभी बहुमूल्य है अगर यह सही और आधुनिक है और अगर इसका इस्तेमाल किया जाता है । ***और आपको यह पता होना चाहिए कि इसे कहाँ खोजना है ।*** आप यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर सकते हैं कि आपके संयंत्र का पी० एस० आई० सही है इसके उदाहरण नीचे दिए गए हैं, और हमें विश्वास है कि आपको कई और उदाहरणों के बारे में पता है :

- अगर आपको कहा जाए तो संयंत्र में जा पाइपों के चित्रों का अद्यतन करें और इस काम को गंभीरतापूर्वक करें । चित्र में जिस वॉल्व को नहीं दिखाया गया एक रिसाव को रोकने में वह महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है – अगर आपको नहीं पता कि यह वहाँ मौजूद है तो आप इसे बंद नहीं कर सकते ।
- अगर आपको लगे कि एक प्रक्रिया को आम तौर पर लिखित प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार न कर एक अलग ढंग से किया जाता है तो अपने पर्यवेक्षक को बताएं ताकि या तो प्रक्रिया को बदला जाए या फिर यह कार्य वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार किया जाए ।
- अगर आपको किसी चित्र में कोई त्रुटि दिखे तो अपने पर्यवेक्षक या संयंत्र अभियंता को बताएं ताकि इसे ठीक किया जा सके ।
- अगर आप किसी चित्र का उपयोग करने की कोशिश कर रहें हैं और उसमें बहुत ज़्यादा सुधार हैं तो अपने पर्यवेक्षक, एक अभियंता, को बताएं कि इन सुधारों से चित्र समझने में मुश्किल होती है और एक नए चित्र की ज़रूरत है ।
- याद रखें कि नियंत्रण तंत्र दस्तावेज़ पी० एस० आई० का भाग हैं और जब भी बदलाव किये जाएं तो इनका अद्यतन किया जाना चाहिए ।

आपकी प्रक्रिया सुरक्षा जानकारी कहाँ है ?

AIChE © 2010, सर्वाधिकार सुरक्षित । अव्यवसायिक व शिक्षा संबंधी कार्य के लिए पुनः जारी करने को बढ़ावा दिया जाता है । तथापि CCPS के अलावा किसी अन्य संस्था या व्यक्ति द्वारा बिक्री के लिए पुनः छापने पर प्रतिबंध है । हमसे ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371 पर संपर्क करें ।

सामान्यतयाः आकाशदीप अफ़्रीकान्स, अरबी, चीनी, डैनिश, डच, अंग्रेज़ी, फ़्राँसीसी, जर्मन, यूनानी, गुजराती, हीब्रू, हिंदी, हंगेरियन, इंडोनेशियाई, इतालवी, जापानी, कोरियन, मलय, मराठी, नॉर्वेजियेन, फ़ारसी, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश, स्वीडिश, थाई, तेलुगू, तुर्की, उर्दू और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध है ।

This document has been translated with the help of Chilworth Technology Pvt. Ltd.